**खबर संक्षेप**

### 1 से 6 नवम्बर 2025 के मध्य होगा जिला स्तरीय युवा उत्सव

**मण्डला।** संचालनालय, खेल और युवा कल्याण म.प्र. भोपाल के निर्देषानुसार प्रदेष के समस्त जिलों में युवा उत्सव का आयोजन किया जाना है। इस वर्ष भी दिनांक 10 से 12 जनवरी 2026 तक भारतमण्डपम नई दिल्ली में 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं हेतु विकसित भारत यंग लिडर्स डायलॉग के तहत 29वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2026 का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तर पर युवा उत्सव का आयोजन सांस्कृतिक और नवाचार थीम में 01 से 06 नवम्बर 2025 के मध्य 07 विधा यथा भाषण, कहानी लेखन, कविता लेखन, पेंटिंग, समूह लोकगीत, समूह लोकनृत्य एवं विज्ञान मेला प्रदर्षनी में किया जाएगा। जिसमें जिले के 15 से 29 वर्ष के आयु वर्ग में युवा भाग ले सकते है। प्रतिभागियों को जिला स्तरीय पर प्रतिभागिता करने हेतु मूल दस्तावेज तथा उसकी छायाप्रति साथ लाना अनिवार्य है। उक्त 07 विधाओं में प्रतिभागिता करने वाले युवाओं को अपना पंजीयन डल ठींतंज च्वतजंस में करना अनिवार्य है। एक प्रतिभागी एक ही विधा में प्रतिभागिता कर सकता है। जिला स्तर से चयनित युवा/दल संभाग, संभाग से चयनित युवा/दल राजय स्तर पर तथा राज्य स्तर पर चयनित युवा/दल नई दिल्ली में दिनांक 10 एवं 11 जनवरी 2026 को मेंटर्स के समक्ष प्रस्तुतियाँ देंगे, जिसके आधार पर चयन किए गए युवा/दल को दिनांक 12 जनवरी 2026 को माननीय प्रधान मंत्री, भारत सरकार के समक्ष अपनी प्रस्तुति देंगे। विज्ञान मेला की प्रदर्षनी का समापन राज्य स्तर पर ही हो जावेगा, इस विधा के विजेता राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभागिता नहीं करेंगे। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण, इण्डोर स्टेडियम मण्डला में सम्पर्क किया जा सकता है।

**जिम्मेदार अधिकारियों पर कब और कौन करेगा कार्यवाही**

# कैसे चलता रहा अवैध दवाखाना

*** पैथोलॉजी पर भी क्या होगी कोई जांच या उन्हें मिला है अभयदान।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मण्डला के पड़ोसी जिले छिंदवाड़ा में कफ सीरफ से मासूमों की मौत के बाद जहां पूरे प्रदेश में हड़कम्प मच गया तो उसके बाद शासन-प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी नींद से जागे। आनन-फानन में दवा दुकानों की जांच प्रारंभ कर दी गई, दवाओं के सेम्पल लिये जाने लगे, दवाओं का स्टॉक देखा जाने लगा और जो ड्रग इंस्पेक्टर सिर्फ दवा दुकानों एवं दवाखानों से वसूली तक ही सीमित रहते थे वे भी दवाखानों एवं दवा दुकानों की जांच करने में लग गये।

जांच की इस कवायत के दौरान मण्डला नगर के समीपी उपनगर महाराजपुर कारीकोन तिराहा के आगे एक दवाखाना पिछले काफी वर्षो संचालित रहा इस दवाखाने में इतने वर्षो में हजारों मरीजों ने अपना उपचार कराया होगा और तो और यहां न केवल दवा दुकान भी संचालित हो रही थी बल्कि मरीजों को भर्ती करने की व्यवस्था भी थी यहां भर्ती मरीजों को न केवल शक्ति वर्धक दवाओं की बोतले लगाई जाती थी बल्कि दर्दनाशक एवं विभिन्न तरह के इंजेक्शन दिये जाते थे यह सब कुछ स्वास्थ्य अधिकारियों की देखरेख में चल रहा था इतने वर्षो में न तो किसी अधिकारी ने इस दवाखाने के संचालक की डिग्री पूछी, न तो इस दवाखाने की जांच करने की जुर्रत की और न ही दवाखाने में क्या उपचार किया जा रहा है किसके माध्यम से उपचार दिया जा रहा है क्या उपचार के लिये जो तय मापदण्ड हैं उनका पालन किया जा रहा है ऐसे अनेकों प्रश्न है जो आज भी अनुत्तरित है।



न तो छिंदवाड़ा में इस तरह का हादसा होता और न ही यहां के अधिकारी नींद से जागते। जब सभी दवाखानों एवं दवा दुकानों की जांच का दबाव ऊपर से पड़ा तो ज्ञात हुआ कि उक्त दवाखाना बिना किसी वैध अनुमति एवं बिना किसी वैध डिग्री के संचालित हो रहा था अब ऐसे में यदि यहां से उपचार ले रहे मरीजों में कोई संक्रामक बीमारी घर कर गई होगी तो उसका जिम्मेदार कौन? जो इंजेक्शन यहां लगाये गये उनका मरीजों पर साइड इफेक्ट हुआ होगा तो इसकी जांच कौन करेगा और इसका जिम्मेदार कौन होगा? नगर के समीप बिना किसी डिग्री के इतना बड़ा दवाखाना संचालित होता रहा और हमारे स्वास्थ्य अधिकारी हैं कि आराम से अपना काम करते रहे।

### दवा दुकानों की क्यों नहीं होती नियमित जांच

जिले में संचालित दवाई दुकानों के लिये शासन द्वारा एक नियमावली तय की गई है और उसी के आधार पर दवा दुकानों का संचालन किया जाना है दवा दुकान का लायसेंस किसके नाम है कौन-कौन सी दवाईयाँ विक्रय की जा रही हैं, दवाईयाँ किस आधार पर विक्रय हो रही है, जो दवाईयाँ विक्रय की जा रही हैं क्या वे तय मानकों के आधार पर हैं, दवाओं के जो दाम वसूले जा रहे हैं क्या वे उचित हैं और मरीजों को चिकित्सकों द्वारा जो दवाई लेने की सलाह दी जा रही है क्या वह उक्त बीमारी के लिये उपयोगी है अथवा यूं ही पैसे कमाने के लिये दवाईयाँ लिखी जा रही है ऐसे बहुत से प्रश्न है जिनकी जांच एवं नियमों का पालन कराना स्वास्थ्य अधिकारी एवं ड्रग इंस्पेक्टर का काम होता है। आज के पहले नगर का कोई भी सामान्य व्यक्ति शायद ही जानता रहा हो कि ड्रग इंस्पेक्टर जैसी कोई पोस्ट होती है मीडिया के लोगों को भी बहुत कम जानकारी हो पाती है कि जिले में ड्रग इंस्पेक्टर के रूप में कौन सा अधिकारी पदस्थ है वह क्या प्रत्येक माह नियम पूर्वक दवा दुकानों की जांच का रहा है अथवा नहीं जांच हो रही है तो उससे संबंधित जानकारी मीडिया तक कभी आई नहीं या तो सभी दवा दुकानें पूर्णरूप से नियमानुसार संचालित हो रही हैं या फिर लेन-देन की संस्कृति के चलते सब कुछ चुपचाप चलता रहा नगर के दवा विक्रेताओं की ही माने तो आप भले ही ईमानदारी से अपना व्यवसाय चला रहे हों लेकिन एक निश्चित राशि प्रत्येक महीने ड्रग इंस्पेक्टर को देनी ही पड़ती है। ऐसा काफी समय से चला आ रहा है।

### पैथोलॉजी पर भी क्या कसेगा शिकंजा

किसी भी बीमारी की पहचान खून एवं पेशाब के साथ-साथ अन्य जांच पर निर्भर रहती है और इस तरह की जांचे पैथोजॉजी सेंटर पर होती है प्रत्येक पैथोलॉजी किसी न किसी चिकित्सक के निर्देशन एवं मार्गदर्शन पर संचालित हो ऐसा नियम है लेकिन देखा जाता है कि अधिकांश पैथोलॉजी में सिर्फ एक या दो कर्मचारी ही पूरे समय होते हैं जिनके द्वारा खून का नमूना लिया जाता है और कुछ घंटों बाद कम्प्यूटर से निकालकर दे दी जाती है बहुत मर्तबा तो पैसे जमा करने पर रिपोर्ट व्हाट्सअप के द्वारा मरीजों को पहुंचा दी जाती है चिकित्सक भी इसी रिपोर्ट के आधार पर मरीजों का ईलाज करते हैं पिछले कुछ वर्षो में बहुत से ऐसे मामले हुये हैं जिसमें कि इस तरह की जांच रिपोर्टे न केवल फर्जी पाई गई बल्कि जो आंकड़े दिये गये वे बीमारी से मेल ही नहीं खा रहे थे। ऐसे में मरीजों की जान तो खतरे में होती है अब इस स्थिति में इनकी जांच कौन कर।

# अंततः हटाये गये रिश्वतखोर डीपीसी


विडम्बना | रिश्वतखोर डीपीसी को कौन दे रहा संरक्षण, रंगे हाथ पकड़ाने के बावजूद कुर्सी पर काबिज।

सुशासन का कैसा उदाहरण दे रहा प्रशासन

• शिक्षा विभाग बना लूट खसोट का अड्डा।

रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ाये डी.पी.सी.

*** कुलदीप कठल को मिली जिम्मेदारी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला शिक्षा केन्द्र मण्डला में लंबे विवाद और चर्चाओं के बाद आखिरकार डीपीसी (जिला परियोजना समन्वयक) पद पर परिवर्तन कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, पूर्व डीपीसी अरविंद विश्वकर्मा, जो रंगे हाथों ट्रैप होने के बाद भी पद पर बने हुए थे, उन्हें अब निर्वाचन कार्यालय में पदस्थ कर दिया गया है।

लगभग 15–20 दिनों तक चली चर्चाओं और विभागीय असंतोष के बाद आज बिछिया विकासखण्ड के बीईओ कुलदीप कठल को नया डीपीसी नियुक्त किया गया है।

शिक्षा विभाग के सूत्रों के अनुसार, नए डीपीसी के कार्यभार ग्रहण करने से जिला शिक्षा केन्द्र में चल रही गुटबाजी, लापरवाही और कर्मचारियों की मनमानी पर अब रोक लगने की उम्मीद जताई जा रही है।

स्थानीय शिक्षकों व कर्मचारियों में इस बदलाव को लेकर मिश्रित प्रतिक्रियाएँ देखी जा रही हैं, पर अधिकांश का मानना है कि अब विभाग में कार्यसंस्कृति में सुधार आएगा।

### कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने की मिट्टी और गोबर के दीयों की खरीदी

**मण्डला।** दीपावली पर्व के अवसर पर वोकल फॉर लोकल की भावना को साकार करते हुए कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकचेला ने मंडला के स्थानीय कलाकारों से मिट्टी और गोबर से बने गोंडी आर्ट के आकर्षक दीये और अन्य सजावटी सामग्री खरीदी।उन्होंने दीपावली की खरीदारी स्थानीय बाजार से कर जिले के माटीशिल्पियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने माटीशिल्पियों से बातचीत करते हुए प्रशासन की तरफ़ से हर संभव सहूलियत दिए जाने की बात कही। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत श्री विनोद मरावी, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, सीएमओ नगर पालिका श्री गजानन नाफड़े सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अपना ही मकान खाली कराने दर-दर भटक रहे मकान मालिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिले में यदि किसी नागरिक को कोई परेशानी या कानूनी दिक्कत हो तो वह पहले पुलिस थाने जायेगा वहां न्याय मिला तो पुलिस अधीक्षक के दरवाजे पर गुहार लगायेगा और मामला राजस्व का हुआ तो अनुविभागीय दण्डाधिकारी से निवेदन करेगा और जब इन स्थानों पर भी उसे न तो अपनी समस्या का समाधान होता दिखे और न ही न्याय मिलता नजर आये तो फिर फरियादी जिला कलेक्टर के पास अपनी फरियाद लगायेगा। अब यदि नगर की कोई पीड़ित महिला इन सभी दरवाजों पर अपनी गुहार लगा चुकी हो और आज भी उसकी समस्या ज्यों कि त्यों खड़ी हो तो फिर आखिर न्याय मिले तो कहां से।

### क्या है मामला

सेमरखापा निवासी एक महिला के स्वामित्व का मकान ग्राम बिंझिया में है जिसे कुछ माह पूर्व ब्रोकर के कहने पर एक माह के लिये किसी व्यक्ति को किराये पर दे दिया गया जब उस व्यक्ति से अनुबंध पत्र लिखवाने की बात कही तो उसने कहा कि एक माह की ही बात है क्या अनुबंध कराना और जैसे ही मकान किराये पर गया न तो मकान मालिक को किराया मिला न ही बिजली बिल अदा किया जा रहा है और न ही वायदे के अनुसार एक माह बाद मकान खाली किया गया उक्त महिला मकान खाली कराने के लिये पहले पुलिस थाने उसके बाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय, अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं जनसुनवाई तक अपनी पीड़ा बता चुकी है लेकिन न तो मकान खाली हो रहा है और न ही पीड़ित महिला को कोई आश्वासन?

# ग्राम रूसा में हुई घटना को लेकर विश्व हिंदू परिषद ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



बिछिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम रूसा ग्राम पंचायत बर्रई गाँव से एक बार फिर से आस्था को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। गाँव की धार्मिक भावना और संस्कृति के केंद्र माने जाने वाले खेर माता मंदिर के सामने गौ माता की निर्मम हत्या कर दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस जघन्य अपराध को अंजाम देने वाला युवक वेद सिंह नरते महज 24 से 25 वर्ष का होगा , जो हाल ही में एक क्रिश्चियन मिशन से पास्टर की ट्रेनिंग लेकर गाँव लौटा था। गाँव के लोगों में गहरा रोष है और वे इस घटना को सिर्फ एक हत्या नहीं, बल्कि उनकी आस्था और संस्कृति पर हमला मान रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद परिषद बजरंग दल ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है और प्रशासन से कठोर कार्रवाई की माँग की है। गाय के मालिक, एक साधारण ग्रामीण दंपती, इस घटना से बेहद दुखी हैं और गाँव के अन्य ग्रामीणों के साथ मिलकर उन्होंने ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए प्रशासन से मजबूत कदम उठाने की अपील की है। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के तत्वाधान मे एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओ की उपस्थिति में सर्व सनातनी समाज भुआ बिछिया के द्वारा आज मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

**कार्यवाही** | **278 पेटी में रखी लगभग 2500 लीटर शराब पकड़ाई।**

# बम्हनी पुलिस ने पकड़ी 22 लाख का अंग्रेजी शराब

*** शराब के अवैध परिवहन एवं भंडारण पर कार्यवाही।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




मंडला पुलिस द्वारा अनुविगागिय अधिकारी पुलिस मंडला एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नैनपुर के निर्देशन में दो अलग अलग थाना क्षेत्र अंतर्गत रेड कार्यवाही करते हुए 278 पेटी में रखी लगभग 2500 लीटर शराब जिसकी अनुमानित कीमत 22 लाख है जब्त कर 04 आरोपियों को गिरफतार कर विस्तृत पुछताछ की जा रही है।



पहले मामले में चौकी प्रभारी हिरदेनगर की टीम द्वारा दिनांक 14 अक्टूबर 2025 चौकी हिरदेनगर पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर दबिश देकर कार्यवाही करते हुए ट्रैक्टर ट्रॉली के अंदर रेत एवं मिट्टी के बीच में छुपाकर रखे 65 पेटी एवं आरोपी के घर से 60 पेटियां कुल 125 पेटी शराब जिसकी मात्रा 1112.760 वल्क लीटर अनुमानित कीमत 9 लाख रुपए एवं टेक्टर ट्रॉली जप्त की गई। आरोपी राहुल उइके पिता सीताराम उइके उम्र 32 साल निवासी ग्राम चटुआमार थाना मंडला के विरुद्ध चौकी हिरदेनगर थाना महाराजपुर में 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत पंजीकृत विवेचना में लिया गया।

इसी प्रकार थाना बम्हनी बंजर में मुखबिर की सूचना पर ग्राम तलैया टोला शराब रेड कार्यवाही की गई जो आरोपी रमाकांत पिता जन्नू लाल नंदा उम्र 20 साल निवासी ग्राम मलपेहरी थाना मोहगांव के कब्जे से कुल अवैध अंग्रेजी शराब 62 पेटी कुल 538 लीटर कुल कीमति 756480 रुपये को जप्त कर गिरफतार किया गया। आरोपी ने पुछताछ में उक्त शराब अजय नंदा की होना बताया एवं मकान मालिक पंचम नंदा जिसके घर में शराब रखी थी को गिरफतार किया गया है। जिसे पुलिस द्वारा के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबध्द किया गया। मुखबिर की सूचना पर वहीं पास श्याम नंदा के घर से अंग्रेजी शराब गोवा विस्की 91 पेटी में रखी की 847 लीटर कुल कीमति 612430 रुपये अवैध पाये जाने पर जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया। इस प्रकार बम्हनी बंजर पुलिस द्वारा कुल 1385 लीटर अंग्रेजी शराब कुल जिसकी कीमत 1368910 रुपये की जप्त की गई।

# दिव्यांगजनों को मिली ट्रायसिकल

**मण्डला।** सामाजिक न्याय विभाग की ओर से मंगलवार को तीन दिव्यांगजनों को निःशुल्क ट्रायसिकल प्रदान की गई। जिला समन्वयक श्री पीयूष पांडे ने बताया कि पात्र दिव्यांग राजेश श्रीवास निवासी शहीद उदयचंद वार्ड मंडला, श्री मनीष कुमार मरावी निवासी ग्राम पंचायत मानदेई विकासखंड मण्डला तथा श्री राजेश बर्मन निवासी नारायणगंज को ट्रायसिकल दी गयी है। इससे उनके दैनिक कार्यों में सहायता मिलेगी और अन्य पर निर्भरता कम हो सकेगी।

# 9.60 ग्राम ब्राउन शुगर सहित एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



पुलिस अधीक्षक मंडला के निर्देशन एवं एसडीओपी मंडला के मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए एक आरोपी से ब्राउन शुगर (स्मैक) जप्त की गई है। दिनांक 14/10/2025 को थाना कोतवाली मंडला को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति जेलघाट तिराहा, मंडला के पास अवैध मादक पदार्थ स्मैक (ब्राउन शुगर) बेचने के उद्देश्य से खड़ा है। प्राप्त सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 9.60 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक (ब्राउन शुगर) जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 20,000/- है, विधिवत रूप से जप्त की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर एन.डी.पी.एस. अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी का विवरण-राहुल बंजारा पिता स्व. भद्दू बंजारा उम्र-25 वर्ष निवासी - खइया मोहल्ला, तिलक वार्ड, मंडला। जप्त सामग्री-9.60 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक (ब्राउन शुगर) अनुमानित कीमत- 20,000/-। थाना कोतवाली पुलिस टीम-थाना प्रभारी कोतवाली मंडला एवं स्टाफ।

## खबर संक्षेप

### ग्रामवासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए खुलरी में की जा रही बायपास मार्ग की मांग



**हरिभूमि न्यूज/ खुलरी।** लगातार ग्राम विकास की गति को अंजाम देने वाले यहां के आमजन द्वारा शासन प्रशासन ग्रामवासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये वायपास मार्ग की मांग की जा रही है। इस संबंध में ग्राम के कुछ बुजुर्गो ने चर्चा के दौरान बताया गया है कि इस समय जिस प्रकार से देखा जा रहा है कि नगर के अंदर से करेली व लिंगा की ओर जाने वाले वाहनों की आवाजाही लगी रहती है उसके चलते ग्राम के लोगों के लिए खतरा दिखाई देने लगा है। इतना ही नही यदि ग्राम की सच्चाई पर गौर किया जावे तो जो मार्ग बना हुआ है उसके पास ही जहां प्रमुख बाजार है जिसमें दुकाने सड़क किनारे ही लगती है। वही दूसरी ओर ग्राम के शासकीय स्कूलों व बैक सहित अन्य कार्यालय सड़क के किनारे ही बने हुये है, इसी दौरान इन कार्यालयों के समाने से वाहने की धूम मची रहने के कारण मासूम बच्चों की जिन्दगी के खिलाफ खतरे की घंटी बजते हुए देखी जा रही है। वही दूसरी ओर बाजार में भीड़ के बीच से वाहनों का निकलना भी मुश्किलों से भरा हुआ होता है, वही दूसरी ओर ग्राम खुलरी की बासहट पर ध्यान दिया जावे तो ग्राम के अंदर से विषम परिस्थति में फायर विग्रेड जैसे साधन का निकलना भी मुश्किलों से भरा होने के कारण ग्राम की सुरक्षा को देखते हुए खुलरी के पास से वायपास मार्ग का निर्माण होना अति आवश्यक हो चुका है? यदि वायपास मार्ग का निर्माण होता है तो निश्चित ही जहां ग्रामवासी सुरक्षित हो जावेगे वही ग्राम के पास से निकली हुई सुखचेन नदी का कायाकल्प होने से भी नही चूकेगे जिससे नदी किनारे बसे हुये अनेक परिवार जिनके रहवासी मकान नदी में लगातार हो रहे कटाव के चलते खतरे की स्थिति में पहुंच चुके है उनको भी सुरक्षा प्रदान हो सकती है, इस दृष्टि से ग्राम में बायपास मार्ग के निर्माण के साथ साथ ग्राम की जीवन रेखा माने जाने वाली सुखचेन नदी के कायाकल्प की जरूरत महसूस की जाने लगी है।

**क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों का कहना है कि किसी भी स्थिति में अवैध कारोवार स्वीकार नही किया**

# दीवाली आने के पहले अचानक दुकानों पर ताश गड्डी की मांग बढ़ने से लग रहा है कि शायद क्षेत्र में जुआ फड सजाने की होने लगी है तैयारी

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**



नगर सहित क्षेत्र में जिस तरह अचानक ताश गड्डियों की मांग में इजाफा होने से यह प्रतीत होने लगा है कि जुंआरियों द्वारा दीवाली के अवसर पर जुंआ फड सजाने की रणनीति बनाई जाने लगी है...? इस बात की सच्चाई जहां समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी व डोगरगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कुछ गांवों में रिहर्सल शुरू होने की खबर मिलने लगी है। वही कुछ जुआरियों द्वारा पुलिस से अनुमति मिलने का भरोसा जताते हुये दूर दूर के जुंआरियों आंमत्रण देने की ताल ठोकने में भी पीछे नही रह रहे है..? जनचर्चाओं के अनुसार इस अवैध कारोबार को संचालित करने वाले गाडरवारा पुलिस से अपनी जुगाड जमाने में सफल नही हुये तो उनके द्वारा सिहोरा चौकी क्षेत्र तथा डोगरगांव क्षेत्र को सबसे अधिक सुरक्षित मानते हुये आमंत्रण देने की खबरे मिल रही है.? क्योंकि जुंआ के अवैध कारोबार से जुडे हुये कुछ लोगों ने अभी से माँ लक्ष्मी का इस सोच के चलते अर्पित करना शुरू कर दिया गया है कि इस दीवाली पर लक्ष्मी जी के आर्शीवाद के भरोसे ही वह अपनी तिजोरी भरने में सफल हो पायेगे..? क्योंकि इस अवैध कारोबार की चपेट में युवाओं के साथ महिलाएं तथा व बच्चें भी आने से नही बच पा रहे है..? वही दूसरी ओर प्रति वर्ष देखा जाता है कि दीवाली के समय पर क्षेत्र में जुआ का अवैध कारोबार अपनी पूरी चरम सीमाओं को तोड़ने से नही चूकता है। कुछ इसी प्रकार से इस वर्ष भी जुंआरियों द्वारा ताश गड्डियों की खरीद करते हुये अपनी तैयारियाँ शुरू किये जाने की चर्चाये है...? वही धनतेरस के पहले से ही नगर के कुछ वार्डो में प्रतिदिन जगह बदल बदल कर वार्ड स्तर पर कुछ छुटभैया नेताओं के संरक्षण में अनेक जगहों पर जुआ के फड़ जमाये जाने की खबर मिलना शुरू हो गई है..? तो वही दूसरी ओर इस जुंआ के अवैध कारोबार से जुडे हुये लोग आने वाले दिनों में नगर में आयोजित हो रही प्रदेश स्तरीय खेल प्रतियोगिता की व्यवस्थाओं में अधिकारियों के व्यस्त रहने का फायदा उठाने की सोच बनाने से नही चूक रहे है। क्योंकि संपूर्ण प्रशासन इन दिनों दीवाली तथा खेल प्रतियोगिता प्रक्रिया की व्यवस्थाओं में व्यस्त होने के चलते शायद अधिक ध्यान नही दे पा रहा है और इस अवैध कारोबार से जुडे लोगों के लिये बल्ले बल्ले साबित होते हुये जान पड़ रहा है..? वही शहर के साथ साथ क्षेत्र में इस अवैध कारोबार की चर्चाएं खुलेआम सुनाई देने लगी है। वही दूसरी ओर जनचर्चाओं से मिल रही जानकारियों के अनुसार क्षेत्र में अनेक जुआरियों द्वारा तो इस अवैध कारोबार को संचालित करने के लिए पुलिस अधिकारियों से भी अपनी जुगाड़ बैठाने के दाव पेंच अपनाने के प्रयास शुरू कर दिया गया है तथा कुछ जगहों पर जम चुके जुआ फंडो पर तो पूर्ण रूप से अनुमति मिलने की ताल ठोकी जाने लगी है तो दूसरी ओर दुकानों से अचानक ताश पत्तों की गड्डी की विक्री में हुआ इजाफा इस बात की सच्चाई पर मुहर लगाते हुये प्रतीत होने से नही चूक रहा है..? इस सच्चाई के चलते लगता अनुमान लग रहा है कि शायद अनेक जगहों पर दीवाली के पहले से ही जुआरियों द्वारा अपनी रिर्हसल करना शुरू कर दिया गया है..? क्योंकि प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी जुआरियों द्वारा दीवाली के मौके पर पड़ने वाली गुलाबी ठंडी रातों में अपनी किस्मत अजमाने में पीछे रहते हुये दिखाई नही दे रहे है। इस तरह 52 पत्तों के बीच बेगम गुलाम की बादशही के शोकिनों द्वारा गुप्त रूप से अधिकारियों के कार्यालयों के ईर्दगिर्द घुमते हुये देखा जाना इस बात के संकेत देने से नही चूक रहे है कि इस वर्ष दीवाली पर क्षेत्र में बड़े स्तर पर धनवर्षा होने से नही चूक पायेगी..? क्योंकि हर वर्ष जुआरियों को भरोसा रहता है कि जब लक्ष्मी जी का आर्शीवाद प्रदान होता है तो निश्चित ही वर्दी भी लक्ष्मी पूजन करने से नही चूकती है, जिसके चलते भले ही दिवाली को कुछ ही दिन शेष है। मगर जुआरियों द्वारा अभी से अपनी रिर्हशल शुरू करते हुये इस अवैध कारोबार को संचालित करने के लिये पूरे दाव पेंच अपनाना में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। इसी के नगर के दुकानदारों द्वारा भी भरोसा जताया जा रहा है कि आने वाले कुछ दिनों में उनकी दुकानों से ताश गड्डी की विक्री में और अधिक इजाफा होगा जिसके चलते उनके द्वारा अनेक प्रकार की महंगी कंपनी की ताश गड्डियों के आर्डर दे डाले है..? वही दूसरी ओर दीवाली की तैयारियों को लेकर जब इस संबंध में नगर के उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा नगर निरीक्षक विक्रम रजक सहित अन्य पुलिस अधिकारियों से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि दीवाली का समय हो या फिर अन्य कोई भी स्थिति मगर हमारे क्षेत्र में इस तरह जुंआ के अवैध कारोबार को किसी भी कीमत पर स्वीकार नही किया जावेगा। हमको जिस जगह पर जुंआ चलने की खबर मिल रही है और मिलेगी तो हमारी टीम तुरंत मौके पर पहुंचकर कार्यवाही करने में कोई कसर नही छोड़ेगी। इस अवैध कारोबार में लिप्त रहने वालों पर पैनी नजर रखी जा रही है। वही दूसरी ओर आमजन से भी अपेक्षा है कि ही भी इस तरह अवैध कार्य संचालित होने की जानकारी मिलती है तो पुलिस को सूचना देवे हम कार्यवाही करने के लिये तत्पर रहेगे।

# विश्व हाथ धुलाई दिवस के मौके पर क्षेत्र की शिक्षण संस्थाओं में हुये कार्यक्रम





**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

स्वच्छता का संदेश देने के लिये जहां आये दिन अनेक प्रकार के कार्यक्रम होते हुये देखे जाते है। वही दूसरी ओर बीते हुये बुधवार को विश्व हाथ धुलाई दिवस मनाते हुये शिक्षण संस्थाओं में हाथ धुलाई कार्यक्रम आयोजित करते हुये छात्र छात्राओं को स्वच्छता का संदेश दिया गया। बताया जाता है कि क्षेत्र की चीचली एवं साईंखेड़ा विकास खंड के अंतर्गत आने वाली अनेक शासकीय एवं अशासकीय शालाओं में अंतर्राष्ट्रीय हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के हाथ धुलाए गए। इस दौरान सर्वप्रथम शालाओं के शिक्षकों ने हाथ धोने के सभी छः चरणों यथा-सीधा, उल्टा, मुट्ठी, अँगूठा, नाखून, कलाई से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। उसके पश्चात सभी विद्यार्थियों सहित शाला के शिक्षकों, शाला प्रबंधन समिति तथा स्वसहायता समूह के सदस्यों के हाथ धुलाये गए। ततपश्चात शासकीय शालाओं के कक्षा पहली से आठवीं के विद्यार्थियों हेतु पीएम पोषण आहार किया गया। इसी क्रम में नगर के पुराने कालेज खेल मैदान में चल रही 69वीं राज्य स्तरीय वालीबॉल कीड़ा प्रतियोगिता 2025 में शामिल होने के लिये आये हुये विभिन्न संभागों के छात्र छात्राओं के हाथ नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य योगेश कौरव, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मिनेंद्र डागा, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष मुकेश मरैया, आरती राजपूत द्वारा धुलाये गए। इस मौके पर अतिथियों द्वारा अपने संबोधन में हाथ धोने से होने वाले लाभों तथा बीमारियों से बचाव के संबंध में प्रकाश डालते हुये छात्र छात्राओं को अवगत कराया गया। इस दौरान प्राचार्य जय मोहन शर्मा,सुशील शर्मा, संदीप मेहरा, सिराज अहमद सिद्धिकी, मधुसूदन पटैल, सत्यम ताम्रकार सहित अन्य लोग मौजूद थें।

# राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता में भोपाल, रीवा, नर्मदापुरम, उज्जैन संभाग सहित जनजातीय कार्य विभाग ने लहराया जीत का परचम





**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** नगर के पुराने कालेज खेल मैदान मे चल रही राज्य स्तरीय शालेय व्हालीबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिवस अलग अलग संभागों से आई हुई टीमों के बीच मैच खेले गये। इस संबंध में सूचना प्रमुख मधुसूदन कौरव द्वारा जानकारी देते हुये बताया है कि बालक /बालिका अंडर 19 आयु वर्ग के छात्र छात्राओं के बीच अलग अलग पूलों के खेले गये विभिन्न मैचो मे खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपनी टीमों को विजयी बनाने मे उल्लेखनीय खेल का प्रदर्शन किया गया। बुधवार को प्रतियोगिता के तीसरे दिन खेले गये बालक वर्ग के मैचों मे भोपाल संभाग ने शहडोल को तो जनजातीय कार्य विभाग ने ग्वालियर को एवं नर्मदापुरम संभाग ने उज्जैन को 2-0 से पराजित किया गया। वही दूरी ओर बालिका वर्ग के बीच खेले गये मेचों मे रीवा संभाग ने जबलपुर तथा उज्जैन संभाग ने शहडोल संभाग को 2-0 एवं नर्मदापुरम संभाग ने जनजातीय संभाग को 2-1 से पराजित करते हुये जीत का परचम लहराया। वही समाचार लिखें जाने तक तीसरे दिन के टीमों के बीच खेल जारी रहे जो देर रात्रि तक खेले जायेंगे। वही दूसरे दिन यानि की मंगलवार की देर रात्रि तक दूधिया रौशनी मे खेले गये बालक वर्ग के मेचों मे उज्जैन ने शहडोल एवं सागर ने ग्वालियर तथा रीवा संभाग की टीम ने जनजातीय कार्य विभाग एवं जबलपुर संभाग ने भोपाल संभाग को 2-0 से पराजित किया गया था। इसी प्रकार बालिका वर्ग के मैचो मे रीवा संभाग ने सागर तो नर्मदापुरम ने ग्वालियर संभाग एवं भोपाल ने इंदौर संभाग की टीम को 2-0 से तथा उज्जैन संभाग ने जबलपुर को 2-1 से हराया। बताया जाता है कि आयोजन के तीसरे दिवस भाजपा महिला मोर्चा सहित नगर के गणमान्य नागरिकों ने खेल मैदान पर उपस्थित होकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। वही जिला शिक्षा अधिकारी संदीप नेमा ने भी प्रतियोगिता संचालन से जुडी व्यवस्थाओ का जायजा लिया। वही बताया जाता है कि प्रतियोगिता के चौथे दिन यानि की आज अंतिम दौर के मैच खेले जायेंगे।

# नगर में मनचलों की बढ़ती हुई हरकतों के बीच छात्राओं का स्कूल पहुंचना हो रहा है मुश्किल..

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि पुलिस द्वारा जिस तरह मादक पदार्थो के खिलाफ मुहिम चलाई जा रही है उसके चलते आये दिन मादक पदार्थों के अवैध कारोबार में लिप्त रहने वाले सलाखों के पीछे पहुंच रहे है। मगर दूसरी ओर नगर में जिस प्रकार से सड़क छाप मंजनु मनचलों की हरकते बढ़ाते हुये देखी जा रही है वह निश्चित तौर से चिंता जनक बनने से नही चूक रही है..? इन मनचलों के खिलाफ किसी तरह से कोई कार्यवाही नही होने का परिणाम है कि स्कूल आने जाने वाली छात्राओं का पीछा करते हुये छीटाकशी करते हुये देखा जाना आम बात हो गई है। नगर में अतिक्रमण करते हुये स्थापित चाय पान दुकानों सहित मुख्य रूप से सेलून दुकानों पर इन मनचलों के प्रमुख अड्डे बन चुके है। वही स्कूल लगने से लेकर छूटने के समय इन मनचलों को एक बाईक पर दो से तीन तीन लोग सबार होकर स्कूली छात्राओं का पीछा करते हुये छीटाकशी करते हुये आसानी से देखा जा सकता है। इस स्थिति के चलते जहां शहर सहित गांवों से नगर में पढ़ाई करने वाली छात्राओं में दहशत की स्थिति निर्मित होते हुये देखी जा रही है। मनचलों के लिये प्रमुख अड्डे के रूप में आमगांव नाके से आने वाली मार्ग के शासकीय चिकित्सालय का गेट नम्बर 1, पानी टंकी क्षेत्र, छीपा तिरहा, शांतिदूत तिरहा, स्टेशन की ओर जाने वाले मार्ग पर सड़क किनारे लगी हुई दुकानो के साथ साथ रेल्वे स्टेशन का निर्माणाधीन ब्रिज पास चीचली गेट के पास लगी हुई दुकानें मुख्य अड्डा के रूप में दिखी जा रही है। बताया जाता है कि जब छात्राओं के स्कूलों की छुट्टी होती है तो यह मनचले उनके स्कूलों के आसपास अपने दो पहिया वाहरों पर सबार होकर उनके घर पहुंचने वाले मार्गो पर आगे पीछे चलते हुये अश्लील तरीके से छीटाकशी करने में कोई कसर नही छोड़ते है..? इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये मंगलवार को उस समय देखने मिली जब किसी माध्यमिक स्कूल में अध्ययन करने वाली कुछ ग्रामीण छात्राये अपने घर जा रही थी तो शासकीय चिकित्सालय के गेट के पास से कुछ मनचलों द्वारा उनका गैस एजेन्सी तक पीछा करते हुये इस तरह से अशोभनीय छिटाकशी की गई कि छात्राओं द्वारा परेशान होते हुये सड़क पर ही जब रोना शुरू किया गया तो मौजूद लोगों द्वारा इन मनचलों को पकड़ते हुये जहां अपने स्तर पर हाथ ठंडे किये और पुलिस को सूचना दी गई जिसके चलते पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर मनचलों को अपनी गाड़ी में बैठाते हुये पुलिस थाने ले जाने की खबर है..? मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि मनचलों की मनमानियों पर हर नागरिक आगे आने की सोच तो रखता नही है। वही दूसरी ओर इनकी हरकते शहर में लगातार बढ़ते हुये दिखाई देने का परिणाम है कि जहां छात्राये स्कूल आने जाने में दहशत खाने लगी है तो दूसरी ओर अभिभावकों में भी चिंता दिखाई दे रही है। इस सच्चाई को लेकर आमजन द्वारा सक्षम अधिकारियों सहित पुलिस विभाग से अपेक्षा जताई जा रही है कि शासकीय चिकित्सालय के पास अतिक्रमण को हटाते हुये मनचलों के खिलाफ मादक पदार्थों की भांति ही एक मुहिम चलाई जावें।

## कहीं कुत्तों से न फैल जाए बीमारी

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इन दिनों देखा जा रहा है कि शहर में अधिकतर आवारा कुत्तें खुजली बीमारी की चपेट में जान



पड़ रहे है, इससे गली चौराहों से आने जाने वाले लोगों की परेशानियां बढ़ रही है, वही दूसरी ओर इन बीमार कुत्तों से अन्य कुत्तें तो चपेट में आ ही रहे है बल्कि इंसानों में भी यह बीमारी फैलने की आशंका है? यूं फैलती है बीमारी-आवार कुत्तों को अमूमन खुजली की बीमारी फंगस, फफूंद तथा पैरासाइट की वजह से होती है, पालतू कुत्तों की समय समय पर सफाई होने से इनमें बीमारी कम पाई जाती है,लेकिन आवारा कुत्तों में सफाई के अभाव में बीमारी ज्यादा होती है जो बातावरण में फैलाता प्रदूषण भी मुख्य कारण है, प्रदूषित पानी पीने या प्रदूषित धूल कण में लेटने से भी खुजली की बीमारी की समस्या पैदा हो रही है। इंसानों को भी खतरा-पशु चिकित्साकों के अनुसार खुजली से पीड़ति कुत्तें बीमारी से परेशान होकर इधर उधर तेजी से घूमतें है, जिससे पास से निकलने वाले लोगों को भी इनके कीटाणु फैलतें है, बच्चों को अधिक सावधानी रखनी चाहिए क्योंकि बच्चों में नासमझी की वजह से बच्चों के इनके सम्पर्क में आने या छू लेने से उन्हे भी बीमारी लगने की संभावना रहती है। मुहिम चालाई जाए-क्षेत्र में घूमते आवारो कुत्तों में खुजली रोग ज्यादा फैल रहा है, गलियों तथा सड़कों पर घूमतें खुजेरिया कुत्तों से बच्चों को बचाने की चिंता अभिभावकों कों सताने लगी है, शहर के आवारा कुत्तों में तेजी से यह बीमारी फैल रही है, नगरपालिका को पशु चिकित्सालय की सहायता से ऐसे कुत्तों का उपचार करवाकर इन्हें शहर से दूर जंगल में छोड़ा जैसी पहल चलना चाहिए।









## नियम विपरित वाहनों में लगे हुये लाईट की अनदेखी बन रही सड़क दुर्घनाओं का कारण...?

**हरिभूमि न्यूज/मनकवारा।**

क्षेत्र की सड़को पर दौड़ने वाली वाहनों की मनमानी पर अंकुश लगाने में प्रशासन की असफलता का परिणाम है कि वाहन चालक पूर्णरूप से अपनी मनमानी पर उतारू दिखाई देने से नही चूक रहे है। क्योंकि सड़को पर दौड़ने वाले कई वाहनो की स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि वह निर्धारित नियमों के विरूद्व संचालित होने के साथ साथ यह खस्ताहाल वाहन जहां पर्यावरण को बिगाड़ रहे है। वही ये दुर्घटनाओ के कारण भी बनने से भी नही चूक है? क्योंकि जिस प्रकार से वाहन चालकों द्वारा अपने वाहनों में नियम विरूद्व लाईट लगाये हुये है उसके चलते आये दिन सड़क दुर्घटनाएं घटित होने का प्रमुख कारण सामने आने से नही चूक पाता है, जहां अनेक चार पहिया वाहन इस प्रकार से होते है जिनका मात्र एक ही हेड लाईट चलते हुये देखा जाता है जिसके चलते इस प्रकार के वाहन को अधिकांश समय लोग दो पहिया वाहन समझते हुये अपनी मोटर साईकिल को काटता है तो वह दुर्घटना का शिकार होने से नही चूकता है? वही दूसरी ओर अनेक वाहनों में निर्धारित माप दंडों के अतिरिक्त तेज रोशन वाली लाईट लगे होते है जो सामने से आने वाली वाहन चालक को रास्ता दिखना ही बंद हो जाता है, उसके कारण वह दुर्घटना का शिकार होने से नही बच पाता है? इस प्रकार की सच्चाई सबसे अधिक सड़को पर दौड़ रहे आटों में देखने मिल रहा है, क्योंकि आटों चालकों द्वारा अपने आटों में मनमाफिक रूप से आटों के ऊपर व अन्य जगहों पर जो अतिरिक्त लाईट लगाये हुये है वह छोटे वाहन चालकों के खिलाफ खतरा का कारण बनने से नही चूक रहे है? इस प्रकार की सच्चाई के चलते क्षेत्र के लोगों द्वारा शासन प्रशासन से अपेक्षा जताते हुये आटों व चार पहिया वाहनों में जिस प्रकार निर्धारित नियमों को दर किनार करते हुये अतिरिक्त लाईट लगाये गये है उनकी जांच के लिये एक मुहिम चलाते हुये कार्यवाही की जावे जिससे आये दिन घटित होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके।

# रेल्वे गेट के पास बढ़ते अतिक्रमण व आवारागर्दी की हरकतों से राहगीरों के साथ रहवासी लोग हो रहे हैं परेशान



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय शहर में खाली पड़ी हुई शासकीय भूमि पर खुलेआम अतिक्रमण को जाल बिछते हुये देखे जाने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता पूर्ण कार्य प्रणाली निश्चित तौर से जहां अतिक्रमणकारियों के लिये संरक्षण की मुद्रा में प्रतीत होने से नही चूक रही है तो दूसरी ओर जिस तरह नगर के रेलवे स्टेशन के समीप यानि की चीचली की ओर जाने वाले मार्ग पर लगे हुये रेल्वे गेट के पास अतिक्रमण करते हुये स्थापित हो रही दुकानों पर जहां दिन के समय आवारा गर्दी करने वालों का जमावडा लगा रहता है तो दूसरी ओर शाम होते ही यहां पर शराब खोरी करने वालों की अशोभनिय हरकते देर रात चलने के कारण यहां पर निवास करने वाले लोगों के साथ साथ इस मार्ग से निकलने वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है? बताया जाता है कि यहां पर खाली पड़ी हुई सड़क किनारे की भूमि पर लोगों द्वारा खुलेआम अतिकमण करते हुये अपनी दुकाने स्थापित की गई है। इन दुकानों पर दिन भर आवारा गर्दी करने वाले तत्वों का हुजूम रहने के चलते आम लोगों के साथ साथ स्कूल आने जाने वाली छात्राओं को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। क्योंकि यहां पर लगी हुई दुकानों पर बैठे रहने वाले इन तत्वों द्वारा आसपास के गांवों से स्कूल आने वाली छात्राओं के साथ अशोभनीय हरकते करते हुये छीटाकशी करने से नही चूकते है और छात्राये दहशत व भय के चलते इन मनचलों की हरकतों से परेशान होकर अपमान का कढावा घूंट पीने के लिये मजबूर हो रही है। वही दूसरी ओर कुछ इसी प्रकार का हाल रात के समय भी देखने मिला है रात के समय यहां पर लगी हुई दुकाने तो बंद हो जाती है मगर इन खाली पड़ी रहने वाली दुकानों से लेकर खुले मैदान में शाम से लेकर देर रात तक शराब खोरी होने के कारण लड़ाई झगड़ा होना तो आम बात हो चुकी है मगर शराब खोरी करने वाले लोगों द्वारा रात के समय इस मार्ग से निकलने वाले लोगों के साथ अभद्रता करने से नही चूकते है तो दूसरी ओर इस क्षेत्र में निवास करने वाले लोग भी इस तरह नगर के रेल्वे गेट के पास दिन रात होने वाली आवारा गर्दी से परेशान होते हुये देखे जा रहे है। जबकि गौर किया जावे तो पूर्प में अनेकों बार रेल्वे की इस भूमि पर दुकाने स्थापित करने वाले के खिलाफ आर पी एफ के अधिकारियों द्वारा कार्यवाही करते हुये इन्हे हटा दिया गया था। मगर पता नही क्योंकि आर पी एफ सहित रेल पुलिस व नगर के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा यहां पर दिनों दिन बढ़ रहे अतिक्रमण को नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि आम लोगों के लिये भुगतने मजबूर होना पड़ रहा है।










# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न, दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु कार्ययोजना तैयार

**जिले में सड़क दुर्घटनाओं एवं उनसे होने वाली मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से 15 अक्टूबर 2025 को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने की।**



**डिंडौरी।** बैठक में ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों में हो रही दुर्घटनाओं को रोकने हेतु आवश्यक सुधार कार्यों पर चर्चा करते हुए एक ठोस कार्ययोजना तैयार की गई। साथ ही, शहरी क्षेत्रों में सड़कों पर विचरण करने वाले मवेशियों के प्रबंधन, सड़कों पर फैले अतिक्रमणों को हटाने, ऑटो स्टैंड एवं चौपाटी हेतु उचित स्थान निर्धारण, तथा व्यस्ततम चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में परिशोधन कार्य जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को समन्वय स्थापित कर सड़क सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहित में सड़क दुर्घटनाओं को रोकना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ को निर्देशित किया कि शहर की सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों को चिन्हांकित कर उन्हें गौशालाओं में भेजने की कार्रवाई सुनिश्चित करें, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की संभावना को न्यूनतम किया जा सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहिनी सिंह, अपर कलेक्टर जेपी यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, डिप्टी कलेक्टर अक्षय डिगरसे, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, कार्यपालन यंत्री विद्युत मंडल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, तहसीलदार, जिला परिवहन अधिकारी, यातायात प्रभारी, कार्यपालन यंत्री राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग जबलपुर, प्रबंधक म.प्र. सड़क विकास प्राधिकरण जबलपुर, प्रबंधक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना डिंडौरी, तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी डिंडौरी एवं शहपुरा उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कमल नारायण श्रीवास्तव बने डिंडौरी जिला अध्यक्ष

**शहपुरा।** राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन, नई दिल्ली ने अपने संगठनात्मक ढांचे में महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए डिंडौरी जिले के लिए नए जिला अध्यक्ष की घोषणा की है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पटेल द्वारा, जबलपुर संभागीय अध्यक्ष डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव की विशेष अनुशंसा पर शिक्षक कमल नारायण श्रीवास्तव को डिंडौरी जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है।संगठन के संविधान में निहित शक्तियों का उपयोग करते हुए की गई इस नियुक्ति के बाद जिले भर में बधाइयों का तांता लग गया है। श्रीवास्तव के परिवारजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य, निरंतर सफलता एवं समाज सेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने की कामना की।कमल नारायण श्रीवास्तव एक शिक्षाविद् होने के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। समाजहित और मानवाधिकार संरक्षण के प्रति उनके योगदान को देखते हुए संगठन ने उन पर भरोसा जताया है।

### अतिक्रमण बन रहा सड़क जाम का कारण



**अमरपुर।** जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर के मुख्य मार्ग में हमेशा जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती हैं। जिससे यात्रीगण, आमजन, स्कूली छात्र, छात्राएं परेशान होते रहे हैं। खास कर साप्ताहिक हॉट बाजार मंगलवार को यह परेशानी और भी बढ़ जाती हैं। इस संबंध में हमेशा शांति समिति की बैठक में मुद्दा उठाया जाता हैं। मुख्य मार्ग में सड़क के दोनों तरफ लगे पेवर ब्लाक को उखाड़ कर कुछ दुकानदारों द्वारा खंभा लगाकर दुकानें लगा ली जाती हैं। जिससे आमजन को आवागमन में भारी परेशानी होती हैं। ग्राम पंचायत, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग मिलकर मुख्य मार्ग के व्यवस्था बनाएं। परंतु यह मुद्दा बैठक तक ही सीमित रह जाता हैं। जो व्यवस्था बनाना बहुत जरूरी महसूस हो रहा हैं। ग्राम पंचायत द्वारा कुछ व्यक्तिगत लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण के संबंध में ग्राम पंचायत द्वारा नायाब तहसीलदार को पत्र क्रमांक/ ग्रा/ पं./ 2025/110 दिनांक 22/9/2025 के द्वारा भी अतिक्रमण हटाने का अनुरोध किया गया हैं। जिस पत्र की प्रतिलिपि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं चौकी प्रभारी अमरपुर को भी प्रेषित किया गया हैं। परंतु समाचार लिखे जाने तक किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जा सकी हैं।

### डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर विश्व विद्यार्थी दिवस कार्यक्रम आयोजित



**अमरपुर।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन और स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. अनिल कुशराम के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर विश्व विद्यार्थी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम का संचालन करते हुए एसवीसीजी प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. अनिल कुशराम ने बताया कि भारत के प्रोफेसर, वैज्ञानिक एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर उनके जीवन भर सादगी, मेहनत, ईमानदारी के प्रतीक, विद्यार्थियों के आईकन एवं भारतीय मिसाइलमैन आदि उनके जीवनी पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर दीपचंद गुप्ता द्वारा अपने व्याख्यान में कहा कि विद्यार्थी अपनी जीवन में अनिवार्य शिक्षा का अधिकार भारतीय संविधान के तहत दिया गया हैं। इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को अपने युवा काल में अच्छा मेहनत करते हुए अपनी भविष्य की लक्ष्य को प्राप्त कर परिवार और समाज की नाम रोशन करें। छात्रा पूर्णिमा देवी विश्वकर्मा ने भी डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम पर अपनी विचारमत प्रस्तुत की और कहा सपने वो नहीं जो हम सोते वक्त देखते हैं, सपने वो हैं, जो हमें सोने नहीं देते हैं। हर पल लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हैं। आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालयीन स्टॉफ सहित छात्र -छात्राएं मौजूद रहे।

### लोकल युथ सर्वेयरों ने कलेक्टर से की मांगों के निराकरण की गुहार

**शहपुरा।** जिले के लोकल युथ सर्वेयरों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा है। सर्वेयरों ने बताया कि उनकी नियुक्ति शासन के आदेश क्रमांक **MPLRS/DCS/KIH**/2024/189 के तहत जुलाई 2024 में एम.पी. भू-अभिलेख पोर्टल के माध्यम से की गई थी।

# परबत्ता विधानसभा के सभी मतदान केंद्र जीतना हमारा लक्ष्य : अवध राज बिलैया

न्यूज



बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए गठबंधन पूरी ताकत के साथ मैदान में उतर चुका है। खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत परबत्ता विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक कार्यकर्ता संपर्क और जीत की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।इस अवसर पर मध्य प्रदेश भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि बिहार की जनता इस बार जंगलराज से मुक्ति चाहती है और एनडीए के सुशासन एवं विकास के एजेंडे को पूरी तरह समर्थन दे रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि एनडीए गठबंधन बिहार में एक बार फिर प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगा।बैठक में मध्यप्रदेश से पहुंचे डिंडोरी के पूर्व जिला अध्यक्ष अवध राज बिलैया ने कहा, परबत्ता विधानसभा के सभी 375 मतदान केंद्रों पर जीत सुनिश्चित करना हमारा संकल्प है। हम बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को संगठित कर, युवा मतदाताओं को जागरूक कर, एनडीए की मजबूती के लिए काम कर रहे हैं।परबत्ता विधानसभा में कुल 5 मंडल, 38 शक्ति केंद्र और 375 मतदान केंद्र हैं। सभी मंडलों की बैठक आयोजित कर शक्ति केंद्रवार बैठक की तिथियाँ और स्थल निर्धारित किए गए हैं। इसके पश्चात प्रत्येक मतदान केंद्र पर भी बैठकें कर कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जाएगा। कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए वक्ताओं ने कहा कि बिहार की जनता अब जातिवादी और भ्रष्ट शासन की बजाय विकास और स्थिरता को महत्व दे रही है। एनडीए सरकार ने बिहार के विकास के लिए जो योजनाएं चलाई हैं, उससे जनता में विश्वास बढ़ा है।बैठक में खरगोन सांसद गजेंद्र पटेल, सिंगरौली विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष दिलीप शाह सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर एनडीए की जीत सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

# सड़क हादसे में घायल युवकों को शासकीय वाहन से पहुंचाया अस्पताल, ग्रामीणों ने की सराहना

डिंडौरी।



डिंडौरी-जबलपुर मुख्य मार्ग पर ग्राम अमेरा के पास मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज रफ्तार मोटरसाइकिल और मुसाफिर बस के बीच आमने-सामने की टक्कर में यह दुर्घटना हुई। हादसे के कुछ ही देर बाद शहपुरा के दौरे पर जा रहीं डिंडौरी कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया मौके से गुज़र रही थीं।घायलों को सड़क पर तड़पता देख कलेक्टर भदौरिया ने बिना देर किए अपना काफिला रुकवाया और एम्बुलेंस का इंतजार किए बिना तत्काल मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए दोनों घायलों को अपने शासकीय वाहन से अस्पताल भिजवाया। यही नहीं, उन्होंने स्वयं अस्पताल पहुंचकर डॉक्टर्स को त्वरित इलाज शुरू करने के निर्देश भी दिए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसे में घायल युवकों की पहचान भगत सिंह उइके (23 वर्ष) एवं भंगू सिंह धुर्वे (22 वर्ष) के रूप में हुई है, जो ग्राम अमेरा से मालपुर की ओर जा रहे थे। दुर्भाग्यवश, उपचार के दौरान भगत सिंह उइके ने दम तोड़ दिया, जबकि भंगू सिंह धुर्वे का इलाज जारी है।

कलेक्टर श्रीमती भदौरिया की इस तत्परता और संवेदनशीलता की ग्रामीणों ने जमकर प्रशंसा की। लोगों का कहना है कि उन्होंने न केवल एक प्रशासनिक अधिकारी बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में भी आदर्श प्रस्तुत किया है। यह घटना प्रशासनिक तंत्र में मानवीय पहलू की एक सशक्त मिसाल बनकर सामने आई है।

# डिंडौरी में संभाग स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



डिंडौरी ।

उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के खेलकूद कैलेंडर के अनुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय चंद्रविजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डिंडौरी में संभाग स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 15 अक्टूबर 2025 को किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.एस. उदे, एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. पी.सी. उइके की गरिमामयी उपस्थिति रही।

प्रतियोगिता में जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, मंडला और डिंडौरी जिले की टीमों ने भाग लिया। पहले मुकाबले में डिंडोरी ने कटनी को 40-20 के अंतर से हराकर जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में डिंडौरी ने नरसिंहपुर को 47-27 के बड़े अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में जबलपुर ने मंडला को एकतरफा मुकाबले में पराजित किया। रोमांचकारी फाइनल मुकाबले में जबलपुर विजेता बनकर उभरी, जबकि डिंडौरी को उपविजेता पदक से संतोष करना पड़ा। प्रतियोगिता में महाविद्यालय से डॉ. देवेंद्र ग्वाले, डॉ. रजनीश मिश्रा, डॉ. रवि सिंह, डॉ. विकास सिंह, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. गुलबहार खान, तथा खेल युवा कल्याण विभाग से श्री चेतराम अहिरवार, डॉ. देवेंद्र, डॉ. राजकुमार, डॉ. अर्पित सक्सेना, डॉ. सचिन कोष्ठा, श्री भानु प्रताप, श्री सुजीत प्यासी, डॉ. शिवराम नंदवंशी, डॉ. पुष्पेंद्र तिवारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय एवं राज्य स्तर पर टीम का चयन अंतरराष्ट्रीय रेफरी एवं कोच डॉ. गुलबहार खान, डॉ. अलका अवस्थी और डॉ. आशीष कुमार पांडे द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का संचालन महाविद्यालय क्रीड़ाधिकारी आमिर खान ने किया।



# कलेक्टर भदौरिया की अध्यक्षता में शहपुरा में विकासखंड अधिकारियों की विभागीय समीक्षा बैठक

डिंडौरी ।

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में नगर परिषद सभागार शहपुरा में विकासखंड अधिकारियों की विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का स्वागत नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी अग्रवाल ने कलेक्टर का पुष्पगुच्छ देकर किया। बैठक के दौरान कृषि विभाग, पशुपालन, शिक्षा, सिंचाई, लोक निर्माण विभाग, पीआईयू, एनआरएलएम, आयुष, नगर परिषद आदि विभागों की विकासखंड स्तरीय विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने शहपुरा नगर के विकास और सौंदर्यीकरण की मांग की। इस पर कलेक्टर ने कहा कि आगामी बैठक में नगर परिषद सीएमओ को निर्देश दिए जाएंगे कि प्रस्ताव तैयार करें, ताकि शहपुरा नगर में सड़कों, पार्कों, नालियों एवं अन्य विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ किया जा सके।

साथ ही कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ आम जनता तक अधिक से अधिक पहुँचाने का प्रयास किया जाए। बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी अग्रवाल, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्याम सिंगौर, सीएमओ नगर परिषद, तहसीलदार सहित अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।




# शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में दो दिवसीय युवा उत्सव कार्यक्रम का समापन

**अमरपुर।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में महाविद्यालय प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन और युवा उत्सव कार्यक्रम प्रभारी डॉ. निगहत खान के मार्गदर्शन में युवा उत्सव भारतीय ज्ञान परंपरा संस्कृति के वाहक की उद्देश्य पर दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन किया गया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर आरंभ किया गया। इस अवसर पर युवा उत्सव कार्यक्रम विभिन्न विधाओं को भारतीय ज्ञान परंपरा उद्देश्यों के साथ निबंध, पोस्टर, रंगोली, मेहंदी, भाषण, एकल गायन एवं सामूहिक नृत्य आदि की आयोजन किया गया। युवा उत्सव कार्यक्रम की सभी विधाओं में प्रथम स्थान क्रमशः पुष्पलता साहू, मनीषा मलगाम, बिंदेश्वरी, साक्षी प्रजापति, पूर्णिमा देवी विश्वकर्मा, रागिनी कोटिया एवं सावित्री सैयाम, कृतिका बर्मन की समूह प्रथम स्थान पर रही। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक स्टॉफ डॉ. सीमा डावर, सुश्री हुस्नआरा अंसारी, डॉ. सुनील काकोड़िया, डॉ. स्वर्णिम पटेल, कैलाश प्रसाद लखेरा, दीपचंद गुप्ता, प्रदीप कुमार कहार, समीर धुर्वे, ओमकार वाटिया, सहज सिंह मरावी, कमलेश वास्पे सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# भानपुर मंडलम में "वोट चोर गद्दी छोड़" राष्ट्रव्यापी हस्ताक्षर अभियान पर कार्यक्रम संपन्न

अमरपुर।

**ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर के भानपुर मंडलम में व्यापक जनसहभागिता के साथ "वोट छोड़ गद्दी छोड़" हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। जिसमें सुबह से ही ग्रामीणों की उपस्थिती और जोश ने यह दर्शाया कि जनता अब सजग हैं। केवल वादों पर भरोसा नहीं करेगी, बल्कि उन वादों की पूर्ति के लिए जवाबदेही मांगेगी।**



अभियान के दौरान लोगों ने बड़ी संख्या में हस्ताक्षर कर यह मांग रखी कि चुने हुए प्रतिनिधि जनता के हित में अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करें और लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन करें। ग्रामीणों ने इस अभियान को एक जनचेतना आंदोलन के रूप में समर्थन दिया। इस अवसर पर कांग्रेस ब्लॉक प्रभारी तोक सिंह मरावी ने कहा कि यह पहल सिर्फ एक दिन का आयोजन नहीं हैं, बल्कि सतत जनजागरण की दिशा में एक मजबूत कदम हैं। इसका उद्देश्य जनता में राजनीतिक जवाबदेही और पारदर्शिता की भावना को सशक्त बनाना हैं। ताकि लोकतंत्र की जड़ें और अधिक मजबूत हों। साथ ही मरावी ने यह भी कहा कि हम सभी नागरिकों से अपील करते हैं कि वह अपने हक के लिए आवाज उठाएँ, अपने अधिकारों को समझें और जवाबदेही मांगने में पीछे न हटें। एक सक्रिय और जागरूक समाज ही सशक्त लोकतंत्र की पहचान हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप में भानपुर मंडलम अध्यक्ष खालिद खान, वरिष्ठ कांग्रेसी मोहन मोंगरे, आदिवासी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष केवल नेटी, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रायसिंह मरकाम, आदिवासी कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजेश पाटले, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री राम सिंह मरावी, शान मंसूरी, जगत सिंह सैयाम, मेहरूदीन मंसूरी, मत्ते सिंह पट्टा, भागवत पट्टा, उमेश सोनवानी, विश्वनाथ कुशराम, राम प्रसाद यादव, ईश्वर प्रसाद यादव, सुरेश मरकाम, जगत बघेल, करम धुर्वे, गजानंद यादव, प्रेम यादव, संजीव मार्को, शंकर भाई, छतर सिंह आदि कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

## लोकल उत्पादों को दे प्रोत्साहन

# आत्मनिर्भर बनाने स्वदेशी को दें बढ़ावा: सम्पतिया उईके

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बुधवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी संकल्प अभियान को लेकर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जिसे मध्यप्रदेश शासन की केबिनेट मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग श्रीमति सम्पतिया उइके ने भाजपा जिलाध्यक्ष पं. रामस्नेही पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष ज्याति काकोड़यि तेन्दूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज महाराज, अभियान के जिला प्रभारी नीलकमल जैन, जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा की उपस्थिति में पत्रकार जनों को संबोधित किया।




उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है देश को विकसित बनाने का मार्ग आत्मनिर्भर भारत के निर्माण से होकर जाता है आत्मनिर्भर भारत निर्माण का सशक्त माध्यम स्वदेशी है। इस हेतु घर घर स्वदेशी हर घर स्वदेशी गर्व से कहो यह स्वदेशी है यह केवल नारा नहीं अपितु स्वदेशी का संकल्प लेकर आत्मनिर्भर भारत की नींव को स्थापित करना है। आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' विकसित राष्ट्र बनाने का मार्ग है।

### स्वदेशी को दिया जा रहा बढ़ावा

कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि देश की आजादी के बाद की सरकारों ने पश्चिमी मॉडल को अपनाया और स्वदेशी को प्रोत्साहन नहीं दिया। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनने के बाद स्वदेशी को बढ़ावा दिया गया। वर्ष 2014 से पहले हमारी सेनाओं को बुलेट प्रूफ जैकेट तक विदेशों से मंगाई जाती थी। वर्ष 2014 से पहले भारत का रक्षा निर्यात मात्र 600 करोड़ के करीब था। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज भारत का रक्षा निर्यात 23 हजार करोड़ से अधिक पहुंच चुका है। भारत वर्तमान में प्रति वर्ष 2 लाख करोड़ के मोबाइल निर्यात कर रहा है। मोबाइल निर्माण में भारत विश्व में दूसरे नंबर पर है। आटोमोबाइल, ट्रैक्टर निर्माण में भारत विश्व में प्रथम स्थान पर, बस निर्माण में दूसरा स्थान और ट्रक निर्माण में भारत तीसरे स्थान पर है।

### लघु उद्योगों को दे बढ़ावा

कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देशभर में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' में स्वदेशी और लघु उद्योगों को बढ़ावा देना है। यह अभियान विकसित भारत बनाने की गति को तेज करने के साथ देश को आयात पर निर्भरता से मुक्त करना है। घरेलू उत्पाद को बढ़ावा देने के साथ सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सशक्त बनाना है। साथ ही नवाचार, स्टार्टअप और टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने के साथ युवाओं को रोजगार और उद्यमिता के अवसर देना है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पाद वह है जो भारत में बना है, स्वदेशी वह है जिसको बनाने में भारतीयों का श्रम पसीना लगा है। हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी'' का आह्वान प्रधानमंत्री जी ने किया है। हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी यह एक नारा नहीं आत्मनिर्भर और विकसित भारत की नींव है।

### विकास के रास्ते पर दौड़ रहा प्रदेश

कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की डबल इंजन वाली सरकार मध्यप्रदेश को तेजी से विकास के रास्ते पर आगे ले जा रही हैं। प्रदेश में नर्मदा विकास पथ, मालवा विकास, विंध्य विकास पथ, बुंदेलखंड विकास पथ, चंबल एक्सप्रेस वे, विंध्य एक्सप्रेस वे, नर्मदा एक्सप्रेस जैसी परियोजनाएं लागू की गई हैं। ओंकारेश्वर में दुनिया का सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर प्लांट लग रहा है। इंदौर-भोपाल में मेट्रो परियोजना, इंदौर में 35 मंजिला स्टार्टअप पार्क बनाया जा रहा है। धार में मेगा टेक्सटाइल पार्क बन रहा है, जहां से कपास और रेशम का एक्सपोर्ट होगा। 44600 करोड़ रुपये लागत वाली केन-बेतवा लिंक परियोजना पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं।प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। करीब 30 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं, जिनसे करीब 23 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। प्रदेश के सांची दूध को पूरे देश में पहचान दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। महाकाल लोक की तर्ज पर प्रदेश में 11 नए सांस्कृतिक केंद्रों के विकास का काम चल रहा है। मंडल स्तर पर मंडल सम्मेलन, स्ट्रीट वेंडर, छोटे दुकानदार एवं स्थानीय कारीगर सम्मेलन व संपर्क के साथ 25 दिसंबर को अभियान का समापन होगा।

## खबर संक्षेप

### ड्रग इंस्पेक्टर ने किया दवा दुकानों का निरीक्षण

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस दवा निरीक्षक देवेन्द्र कुमार जैन ने तेंदूखेड़ा की दवा दुकानों का आवश्यक निरीक्षण किया तथा अमानक दवाओं का निरीक्षण किया। सभी दवा विक्रेताओं को शासन की गाइड लाइन के हिसाब से निर्देशों का पालन करने निर्देशित किया गया।दो दवा विक्रेताओं को दुकानों का रिकार्ड ठीक रखने आवश्यक निर्देश दिए गए। गौरतलब रहे कि छिंदवाड़ा में कप सीरप से बच्चों की हुई मौतों के बाद यह औचक निरीक्षण काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। तथा दवा विक्रेताओं और डाक्टरों पर आवश्यक हिदायतें दी जा रही है।

### 10 मिष्ठान प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशों के परिपालन में दीपावली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुश्री सारिका दुबे एवं श्रीमती कविता राठौर ने सिंहपुर, करेली व राजमार्ग तेंदूखेड़ा में 10 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न मिठाई की दुकानों, खोबा विक्रेता व अन्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दूध एवं मावा, दही, घी, मिठाई, दूध एवं खोवे से बनी विभिन्न प्रकार की मिठाईयॉ, छैना के रसगुल्ले, बेसन के लड्डू आदि के लगभग 16 नमूनों को संग्रहीत किया गया। संग्रहीत नमूनों की जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं। इस दौरान खाद्य विक्रेताओं को खाद्य सामग्री ढंककर रखने, स्वच्छता पूर्वक और गुणवत्तापूर्ण मिठाईयों का विक्रय करने के निर्देश दिए। विक्रेताओं को हिदायत दी गई कि नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

### एरियर भुगतान की मांग दिया आवेदन

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** जिला प्रशासन के नाम सेवानिवृत्त कर्मचारी द्वारा आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई। वर्ष 2019 मई माह से सहायक पंजीयक सहकारी संस्था नरसिंहपुर में उप अंकेक्षक के पद पर कार्यरत था तथा सातवें वेतनमान की प्रथम एवं द्वितीय किशत जिला सिवनी से प्राप्त हो गई थी किन्तु आपके कार्यालय से तृतीय किस्त 2019-20 में मिलना थी जो कि आज दिनांक तक भुगतान नहीं किया गया है जबकि यह राशि सेवा अवधि में ही भुगतान की जाना थी साथ ही समय समय पर प्राप्त होने वाले डी ए का एरियर भी आज दिनांक तक भुगतान नहीं हुआ है उक्त राशि भी सेवा अवधि में ही भुगतान किया जाना था वह भी आज दिनाक तक भुगतान नहीं की गई है। म.प्र.शासन वित्त विभाग का पत्र कमाक एफ/9-11/2017 के अनुसार सेवानिवृत्ति के तीन माह मई जून जुलाई 23 का नियोक्ता अंशदान की राशि वेतन देयक के साथ भुगतान करना था परन्तु आज दिनांक तक भुगतान नहीं किया गया है। आवेदन के माध्यम से भुगतान कराने की मांग की गई।

### एफएलएन मेले का आयोजन 30 को

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र ने बताया कि जिले की प्रत्येक शासकीय प्राथमिक शालाओं में एफएलएन मेले का आयोजन तीन चरणों में किया जायेगा। प्रथम चरण एफएलएन मेले का आयोजन 30 अक्टूबर 2025 को किया जायेगा। प्रत्येक शाला में माता- अभिभावक समूह का गठन शाला स्तर पर किया जाकर निर्देशानुसार निर्धारित मासिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेला आयोजन की पालकों और समुदाय को पूर्व सूचना प्रदान करते हुए अनिर्वायता आमंत्रित किया जाए। साथ ही बसाहट की ऑगनबाड़ी को सूचना दें कि वह भी बच्चों के साथ उक्त मेले में सहभागिता करें। मेला दिवस के पूर्व डाइट स्तर पर जिले के समस्त जनशिक्षकों को एक दिवसीय उनमुखीकरण 25 से 29 अक्टूबर के मध्य आयोजित किया जाएगा।

## किसान संघ का दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस भरतीय किसान संघ महकौशल प्रान्त का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न हुआ। इस वर्ग में सिवनी, टीकमगढ़, बालाघाट, छिंदवाड़ा, सीधी, मऊगंज, सागर, एवं नरसिंहपुर जिले के जैविक प्रमुख एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाकिसं के प्रांत सङ्गठन मंत्री तुलाराम जी, जिलाध्यक्ष सन्तोष राय, प्रान्त जैविक प्रमुख कृष्णपाल, कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ पौधरोग वैज्ञानिक डॉ एस आर शर्मा, जबलपुर सम्भाग अध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह, प्रान्त उपाध्यक्ष नारायण सिंह पटेल, प्रान्त मंत्री स्वदेश, प्रान्त सदस्य सरदार सिंह, जिला कोषाध्यक्ष विष्णु, जिला उपाध्यक्ष भाव सिंह, सम्भाग उपाध्यक्ष विजय, तेज सिंह, राजेंद्र शर्मा, शारदा माता गौसेवा प्रमुख केरपानी, प्रीतम सिंह की उपस्थिति रही। इस प्रशिक्षण के बाद सभी जैविक प्रमुख अपने अपने जिलों में जैविक खेती करने वाले किसानों को प्रशिक्षित करेंगे। विषमुक्त खाद्यान्न आज महति आवश्यकता है। किसानों के साथ उपयोगकर्ता को मोटिवेट करने की भी आवश्यकता है। जिस तरह से आज केंसर के मरीज बढ़ रहे हैं वह आने वाले खतरे की आहट है यदि आज हमने विषमुक्त खाद्यान्न नहीं अपनाया तो बर्बाद होने के अलावा कोई रास्ता नहीं है। प्रान्त संगठन मंत्री ने कहा विज्ञान चमत्कार भी अभिशाप भी। आज का समय गौकृषि वणिज्यम का है हर किसान को कुटीर उद्योग की पर विचार करना पड़ेगा। सभी जिलों में जैविक वर्ग की यजन भी बनी। यथासम्भव जैविक हॉट शुरू करने की बात भी कही। कार्यक्रम के उपरांत छिड़वाड़ा से लाये पौधों का पौधरोपण भी किया।

## जीवन रक्षा की दिलाई शपथ

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** रेलवे अस्पताल और स्टेशन परिसर में बुधवार को सीपीआर जागरूकता सप्ताह के तहत एक कार्यक्रम किया गया। इस दौरान रेलवे डॉक्टर आर. आर. कुर्रे के नेतृत्व में सभी उपस्थित लोगों ने जीवन रक्षा की शपथ दिलाई और आपातकालीन स्थितियों में जान बचाने के महत्वपूर्ण कौशल को सीखा। कार्यक्रम में रेलवे अस्पताल के डॉक्टर, अधिकारी-कर्मचारी, उनके परिजन, स्कूली बच्चे, जीआरपी, आरपीएफ के जवान और स्टेशन पर मौजूद यात्रियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। डॉ. कुर्रे ने सीपीआर की उपयोगिता और उसकी सही प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हार्ट अटैक, पानी में डूबने, बिजली के झटके या अन्य गंभीर स्थितियों में सीपीआर के माध्यम से किसी व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। सीपीआर देने की तकनीक बताते हुए डॉ. कुर्रे ने कहा कि व्यक्ति की छाती के बीच में अपनी कोहनियों को सीधा रखते हुए, अपने शरीर के वजन को पीछे रखते हुए, अपने हाथों की एड़ी का प्रयोग कर प्रति मिनट 100 से 120 बार जोर से और तेजी से दबाव डालना चाहिए। डॉ. कुर्रे ने स्पष्ट किया कि सीपीआर केवल वयस्कों के लिए ही नहीं, बल्कि छोटे बच्चों को भी अलग तरीके से दिया जा सकता है। उन्होंने बच्चों को सीपीआर देने के तरीके का प्रदर्शन भी किया। इसके अलावा, उन्होंने जानकारी दी कि आपातकालीन स्थितियों में जानवरों को भी सीपीआर देकर बचाया जा सकता है।




# कलेक्टर रजनी सिंह ने गोटेगांव जनपद के विभिन्न ग्रामों का किया औचक निरीक्षण



### स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, सहकारी समितियों और उचित मूल्य दुकानों की व्यवस्थाएं जांचीं

**गोटेगांव।** जिले की कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने सोमवार को जनपद पंचायत गोटेगांव के अंतर्गत आने वाले ग्राम रामनिवारी, बगासपुर, श्रीनगर, इमलिया-कमती और सूरवारी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं, आंगनबाड़ी केंद्रों, सहकारी समितियों, उचित मूल्य दुकानों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### शिक्षा की गुणवत्ता और आंगनबाड़ी केंद्रों पर दी हिदायतें

ग्राम रामनिवारी पहुंचकर कलेक्टर ने शासकीय प्राथमिक शाला और आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षा स्तर में सुधार के निर्देश देते हुए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर जोर दिया। आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण आहार वितरण की स्थिति की जानकारी लेते हुए उन्होंने बच्चों को समय पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने और केंद्र निर्धारित समय पर खोलने के निर्देश दिए। पानी भराव की शिकायत पर कलेक्टर ने जनपद सीईओ को त्वरित कार्रवाई करने को कहा।

### हाई स्कूल बगासपुर में विद्यार्थियों से पूछे प्रश्न

बगासपुर के शासकीय हाई स्कूल के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कक्षा 10वीं के छात्रों से त्रिकोणमिति से संबंधित प्रश्न पूछे। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि विद्यार्थियों को इंग्लिश टर्म्स का उपयोग सिखाएं, जिससे उन्हें उच्च शिक्षा में सुविधा हो। प्रयोगशाला को व्यवस्थित रखने और उसका अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### सहकारी समितियों में पंजीयन बढ़ाने के निर्देश

कलेक्टर श्रीमती सिंह ने आदिम जाति सहकारी समिति श्रीनगर, सेवा सहकारी समिति इमलिया और बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी समिति सूरवारी का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को भावांतर योजना के तहत अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन कराने के निर्देश दिए। साथ ही गिरदावरी रकबे के अनुसार पंजीयन सुनिश्चित करने एवं व्यापक प्रचार-प्रसार पर बल दिया। कलेक्टर ने एसडीएम और तहसीलदार को पटवारियों द्वारा की गई गिरदावरी का सत्यापन कर खसरा निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

### उचित मूल्य दुकानों की जांच, सुधार के दिए निर्देश

इमलिया-कमती की उचित मूल्य दुकान पर ऑनलाइन और ऑफलाइन स्टॉक में अंतर पाए जाने पर कलेक्टर ने सुधार के निर्देश दिए। कमती में खाद्यान्न वितरण संबंधी शिकायतों पर डीएसओ को जांच के आदेश दिए। श्रीनगर की दुकान में स्टॉक पंजी का अवलोकन करते हुए उन्होंने तीन माह से खाद्यान्न प्राप्त न करने वाले हितग्राहियों की जांच कराने के निर्देश दिए। सूरवारी की दुकान पर खाद्यान्न भंडारण की व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा।

## ओम ने विज्ञान मॉडल में श्रीधाम का लहराया परचम




**गोटेगाँव।** सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोटेगांव के भैया ओम कृष्णदुबे ने क्षेत्रीय विज्ञान मेला 2025 विद्या भारती मध्य क्षेत्र द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर हरदा में आयोजित था क्षेत्रीय प्रतियोगिता में संपूर्ण मध्य प्रदेश संपूर्ण छत्तीसगढ़ के भैया बहन भाग लेते हैं ओम कृष्णा दुबे ने विज्ञान मॉडल में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए क्षेत्रीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर सभी को गौरवान्वित किया सरस्वती शिशु मंदिर हरदा में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विद्या भारती मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अखिलेश मिश्रा जी व्यवस्थापक हरदा सरस्वती शिशु मंदिर गोटेगांव के आचार्य धनीराम पटेल उपस्थित थे भैया ओम कृष्णा दुबे की सफलता पर विद्या भारती महाकौशल प्रांत के संगठन मंत्री अमित दवे विभाग समन्वयक कमलेश अग्रहरि श्री आदर्श शिक्षा समिति के वरिष्ठ सदस्य पूर्व राज्य मध्य प्रदेश शासन जालम सिंह पटेल संस्था अध्यक्ष हाकम सिंह चद्दर व्यवस्थापक राजकुमार जैन उपाध्यक्ष विकास जैन कोषाध्यक्ष शिवाजी राव पाटिल सह सचिव देवदत्त पचौरी निखिलेश जैन राव संतोष सिंह पटेलसत्यनारायणा मिश्रा अनुराग जैन चंद्रगुप्त आर्य निखलेश जैन चौधरी विश्वनाथसिंह पटेल मोहन सिंह पटेल वीर सेन सोनी सुरेश चंद जैन प्रकाश चंद बाबा जी शीलचंद जैन प्रधानाचार्य नर्मदा गुप्ता प्रभारी प्राचार्य संतोष बैंड विज्ञान के प्रभारी राम सिया मिश्रा धनीराम पटेल लोकेंद्र नेमाराममोहन यादव मनोहर मुकेश राजपूत आदि बधाई दी है

## झांसीघाट में नर्मदा तट पर युवाओं ने चलाया सफाई अभियान



**गोटेगांव।** समीपवर्ती ग्राम झांसीघाट में मां नर्मदा युवा सेवा संगठन झांसी घाट द्वारा लगातार 12 वर्षो से घाट की साफ सफाई का अभियान चलाया जा रहा है और पिछले कुछ 4 महीनों से मां नर्मदा जी की महाआरती हर रविबार शाम 6 बजे की जाती है जिसमें सभी मां नर्मदा युवा सेवा संगठन के अध्यक्ष सतेंद्र पटेल आशीष पटेल सदस्य संतोष पटेल सुजीत सिंह राजपूत दीपक यादव रविन्द्र रजक पवन मेहरा लीलेश रजक कैलाश ठाकुर अरुण ठाकुर अमन गोस्वामी उदय सिंह राजा कुशवाहा सूरज कुशवाहा प्रशांत पटेल पप्पू ठाकुर अभिषेक ठाकुर सरजू ठाकुर नेता जी छोटू संतोष दीपक प्रिंस रंजीत बलराम संजय अनुज अनुराग अतुल संदीप यादव आशीष विश्वकर्मा अरविंद पटेल अरविंद विश्वकर्मा विनय राधे कुशवाहा सुनील हरिओम सेन देवांश आर्यन अभय ठाकुर आनंद तिवारी जागेश्वर महाराज अर्पित कहार हरबंस चंदन पटेल अरमान पटेल बबलू पटेल संजय यादव गोलू पटेल मालक पटेल परमानंद पटेल राजेंद्र साहू साहिल मेहरा सहित अन्य समिति सदस्य उपस्थित रहे।

# क्षेत्रीय नदियों पर स्टाप डेम बनने से बढ़ेगा जमीनी जल स्तर



**तेंदूखेड़ा।** विगत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष डेढ़ गुनी वारिस हुई है। लगभग अधिकांश खेतों और नदी नालों में पानी भरा हुआ है।मौसम विभाग के हिसाब से मानसून विदा भी ले चुका है।अब बतर आते ही खेतों में बखरनी का काम लगेगा जिन खेतों में सोयाबीन मक्का था वहां लगभग बखरनी शुरू हो गई है लेकिन जहां जहां धान की फसल लगी हुई है वहां कटाई होने तक एक माह से अधिक समय लग ही जायेगा ऐसे खेतों में पानी की जरूरत पड़ेगी। तेंदूखेड़ा क्षेत्र में पांडाझिर बरांझ और सिंदूर नदियां बहती हैं।कुछ जनवरी फरवरी तक तो कुछ मार्च-अप्रैल के बाद से सूखने लगती है।इन नदियों से 25 से 30 गांव जुड़े हुये है। नदियों से बरसाती पानी बह जाने के कारण नदियां खाली हो जाती है। यदि इन नदियों पर स्टाप डेम बन जाते हैं तो इनमें काफी लंबे समय तक पानी रहने से आस पास का जमीनी जल स्तर तो बढ़ेगा ही और किसानों को उनकी सुविधा के हिसाब से पर्याप्त मात्रा में पानी भी मिल सकता है।

### नहीं लगे हैं गेट

बरसात के दिनों में अधिक वारिस होने से बाढ़ के चलते गेट निकालकर रख दिए गए थे लेकिन अब वारिस रुक जाने के बाद नालों का पानी बह चुका है। बहुत से ग्रामों में नालों पर मनरेगा की राशि खर्च कर छोटे छोटे स्टाप डेम बनाये थे लेकिन इनमें आज तक गेट नहीं लगे हैं जिससे इनकी उपयोगिता भी समझ नहीं पड़ रही है। कुछ नदियों में पूर्व में बनें स्टाप डेम बाढ़ के चलते बह गये थे। नदियों ने अपना रास्ता ही बदल लिया है।

### लगातार हो रही उपेक्षा

तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत झिरा घाटी से लेकर बिजोरा पीपर पानी हथनी घुघरी से लेकर आलनपुर भौंर पानी सहित ढिलवार मौआखेडा मर्रावन तक पानी की ज्यादा समस्या है।गर्मी के समय यहां पानी को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। पानी का स्थाई समाधान नहीं हो पा रहा है। जैसे तैसे चिनकी बोरास बैराज परियोजना से प्रभावित क्षेत्रों को उम्मीद जागी थी लेकिन क्लस्टर बी एवं सी के नक्शे अनुसार उक्त क्षेत्र बंचित रह गये हैं।जिसे लेकर पीड़ित कृषकों ने नक्शे को सार्वजनिक करने और परियोजना से वंचित मौजों को शामिल करने की मांग की है।

### जनप्रतिनिधियों ने भी की थी पहल

सबसे बड़ा सोचनीय विषय तो यह बना हुआ है कि इन क्षेत्रीय नदियों पर स्टाप डेम बनाये जाने को लेकर विगत तीन दशकों से क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा यह विषय अधिकारियों से लेकर विधानसभा तक ले जाया गया लेकिन विषय नक्कारखाने में तूती की आवाज बनकर ही रह गया। निर्वाचित होकर आने वाले हर प्रतिनिधि ने यह विषय पूरी ताकत से उठाया और अधिकारी सर्वे करने पहुंचे लेकिन बाद में क्या हुआ इसकी जानकारी आज तक सार्वजनिक नहीं हो सकी है।